http://www.sgbauonline.com/



**M.A. (Part—I) Hindi (Semester—I) Examination**

**HINDI**

**Vishesh Adhyayan (Premchand)**

**Paper—4(A)**

समय — तीन घंटे] [पूर्णांक — 80

1. निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं **दो** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :

(अ) सोच लो कि प्राणाघात करके उनको दुःख पहुँचाओगी या अपना पुनरूद्धार करके, उन्हें सुख और शान्ति दोगी। पश्चाताप अन्तिम चेतावनी है जो हमें आत्म सुधार के निमित्त ईश्वर की ओर से मिलती है। यदि इसका अभिप्राय न समझकर हम शोकावस्था में अपने प्राणों का अन्त कर दें तो मानों हमने आत्मोद्धार की इस अंतिम प्रेरणा को भी निष्फल कर दिया।

(ब) जब हम किसी तंग सड़क पर चलते हैं, तो हमें सवारियों का आना-जाना बहुत ही कष्टदायक जान पड़ता है। जी चाहता है कि इन रास्तों पर सवारियों के आने की रोक होनी चाहिए। हमारा अख्तियार होता, तो इन सड़कों पर कोई सवारी न आने देते, विशेषतः मोटरों को। लेकिन उन्हीं सड़कों पर जब हम किसी सवारी पर बैठकर निकलते हैं, तो पग-पग पर पथिकों को हटाने के लिए रूकने पर झुँझलाते हैं कि ये सब पटरी पर क्यों नहीं चलते, ख्वामख्वाह बीच में धँसे पड़ते हैं। कठिनाइयों में पड़कर परिस्थिति पर क्रुद्ध होना मानव-स्वभाव है।

(क) उन्नत देशों में धन व्यापार में लगता है जिससे लोगों की परवरिश होती है और धन बढ़ता है। यहाँ धन शृंगार में खर्च होता है, उसमें उन्नति और उपकार की जो दो महान शक्तियाँ हैं, उन दोनों ही का अन्त हो जाता है। बस यही समझ लो कि जिस देश के लोग जितने ही मूर्ख होंगे, वहाँ जेवरों का प्रचार भी उतना ही अधिक होगा। 2×8=16

2. निम्नलिखित दीर्घोत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए :

(1) ''गबन' उपन्यास मध्य वर्ग का दर्पण है।' सिद्ध कीजिए।

(2) 'रंगभूमि' का सूरदास गांधीवाद का प्रतिरूप है। इस कथन की सार्थकता प्रमाणित कीजिए।

(3) सुमन की चारित्रिक विशेषताएं लिखिए। 2×16=32

3. निम्नलिखित लघूत्तरी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के उत्तर लगभग **10—15** पंक्तियों में लिखिए :

(1) 'नशा' कहानी का प्रतिपाद्य क्या है ?

(2) ''पंच परमेश्वर' एक आदर्शवादी कहानी है।' समझाइए।

(3) ''दो बैलों की कथा' में मानवीय संवेदनाओं का मर्मस्पर्शी वर्णन हुआ है।' लिखिए।

(4) ''ईदगाह' में बाल मनोविज्ञान की सुंदर अभिव्यक्ति हुई है।' सोदाहरण लिखिये।

(5) ''पूस की रात' कहानी में कृषक जीवन के शोषण की मार्मिक अभिव्यंजना हुई है।' सिद्ध कीजिए।

(6) आनंदी का चरित्र-चित्रण कीजिए। 4×4=16

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ / अतिलघूत्तरी प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार लिखिए :

(1) आनंदी के श्वसुर का नाम क्या है ?

(2) सूरदास की प्रतिमा ________ के प्रसिद्ध मूर्तिकार ने सेवा-भाव से रची थी।

(कलकत्ता, पाँडेपुर, पूना)



http://www.sgbauonline.com/

http://www.sgbauonline.com/

(3) रियासत अली किस कहानी का पात्र है ?

(4) 'दो बैलों की कथा' में बैलों के नाम जबरा और मोती हैं। (कथन सत्य / असत्य)

(5) नूरे ईदगाह से कौनसा खिलौना लाता है ?

(6) जालपा की सहेली ______ थी। (जग्गो, रतन, रामेश्वरी)

(7) गंगाजलि के भाई का नाम ______ है।

(8) प्रेमचंद के अंतिम अधूरे उपन्यास का नाम लिखिए।

(9) ईश्वरी किस शहर के बोर्डिंग हाऊस में रहता है ?

(10) हल्कू के खेत को ______ के झुंड ने नष्ट किया।

(11) बेटा क्या बिगाड़ के डर से ईमान की बात न कहोगे ? (कथन किसने-किससे कहा)

(12) आनंदी मांस में कितना घी डालती है ?

(13) सूरदास के भतीजे का क्या नाम है ?

(14) 'तुम्हारी आमदनी अच्छी है, लेकिन कर्ज कभी भविष्य के भरोसे पर मत लो।'

(यह कथन किसने-किससे कहा)

(15) पंचों द्वारा समझू साहू को बैल का पूरा ______ देने का फैसला सुनाया जाता है।

(दाम, इनाम, अनाज)

(16) शांता के पति का नाम ______ था। (मदन, सदन, गजाधर)

16×1=16



http://www.sgbauonline.com/